मेसर्स व्ही.एम. टेक्नोसॉफ्ट प्राईवेट लिमिटेड, खसरा क्रमांक 243/4, हल्का क्रमांक 19, कुल क्षेत्रफल 0.607 हेक्टेयर, ग्राम–कोकोड़ी, तहसील व जिला–कोण्डगांव (छ.ग.) द्वारा प्रस्तावित New Bio Medical Waste Treatment Facility (CBMWTF) के अंतर्गत Induction Pyrolsis क्षमता–200 किलोग्राम प्रतिघंटा, Auto Clave क्षमता–200 किलोग्राम प्रतिबैच एवं Shredder क्षमता–100 किलोग्राम प्रतिघंटा के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई।

## दिनांक 27.06.2019 का कार्यवाही विवरण।

मेसर्स व्ही.एम. टेक्नोसॉफ्ट प्राईवेट लिमिटेड, खसरा क्रमांक 243/4, हल्का क्रमांक 19, कुल क्षेत्रफल 0.607 हेक्टेयर, ग्राम–कोकोड़ी, तहसील व जिला–कोण्डगांव (छ.ग.) द्वारा प्रस्तावित **New Bio Medical Waste Treatment Facility (CBMWTF)** के अंतर्गत **Induction Pyrolsis** क्षमता–200 किलोग्राम प्रतिघंटा, **Auto Clave** क्षमता–200 किलोग्राम प्रतिबैच एवं **Shredder** क्षमता–100 किलोग्राम प्रतिघंटा के संबंध में राज्य स्तर विशेषज्ञ आंकलन समिति, छत्तीसगढ़, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अटल नगर रायपुर में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 01.12.2009 के प्रावधान के अनुसार लोकसुनवाई दिनांक 27.06.2019 (27 जून 2019) दिन गुरूवार पूर्वान्ह 11.30 बजे, स्थान–जिला कार्यालय कोण्डागांव, जिला–कोण्डागांव में कराई गई। राजपत्र में प्रकाशित प्रावधान के अनुसार सर्वसंबंधितों से मेसर्स व्ही.एम. टेक्नोसॉफ्ट प्राईवेट लिमिटेड, खसरा क्रमांक 243/4, हल्का क्रमांक 19, कुल क्षेत्रफल 0.607 हेक्टेयर, ग्राम–कोकोड़ी, तहसील व जिला–कोण्डगांव (छ.ग.) द्वारा प्रस्तावित **New Bio Medical Waste Treatment Facility (CBMWTF)** के अंतर्गत **Induction Pyrolsis** क्षमता–200 किलोग्राम प्रतिघंटा, **Auto Clave** क्षमता–200 किलोग्राम प्रतिबैच एवं **Shredder** क्षमता–100 किलोग्राम प्रतिघंटा के संबंध में सुझाव अथवा विचार 30 दिवस के अंदर प्रस्तुत किये जाने के लिए सूचना का प्रकाशन राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र

...............2

8



हिन्दुस्तान दिल्ली एडिशन एवं स्थानीय समाचार पत्र दैनिक भास्कर/हरिभूमि के अंक में दिनांक 25.05.2019 को जनसाधारण की जानकारी के प्रयोजनार्थ प्रकाशित कराया गया। निर्धारित समयावधि में क्षेत्रीय कार्यालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, जगदलपुर के समक्ष कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है। लोक सुनवाई के दौरान भी कोई आवेदन प्राप्त हुए।

लोकसुनवाई प्रारंभ करने के पूर्व उपस्थित जन समुदाय को लोकसुनवाई प्रक्रिया की जानकारी दी गई। तत्पश्चात लोकसुनवाई के प्रथम चरण में प्रबंधन के **श्री धवल नायक (कन्सलटेंट, इन्जीनियर)** द्वारा परियोजना के बारे में प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी, उपस्थित जन समुदाय को दी गई। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में संस्थान द्वारा क्या विकास किया जायेगा एवं परियोजना के तहत् मेसर्स व्ही.एम. टेक्नोसॉफ्ट प्राईवेट लिमिटेड, द्वारा प्रस्तावित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था से उत्पन्न होने वाले जल, वायु एवं ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम हेतु प्रस्तावित उपायों की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गई।

**जन सुनवाई के दौरान उपस्थित जनसामान्य द्वारा प्रमुख रूप से निम्नलिखित मुद्दे उठाये गये :–**

1. **श्री जीवन लाल नाग, सरपंच ग्राम पंचायत कोकोड़ी** – ग्राम सरपंच कोकोडी के हैसियत से मैं कहना चाहता हूँ, हमारे गांव में जो प्रोजेक्ट बन रही है, उसमें रोजगार मिले, जहाँ पर प्रोजेक्ट लग रहा है वहाँ पर किसी किसानों की जमीन न जाये। उसके पास 50–100 मीटर में जो घर हैं। उन्हें नुकसान ना हो। उसके पास गांव भी है। मैं चाहता हूँ कि ये प्रोजेक्ट कुछ दूर बने तथा गांव वालों को परेशानी न हो।
2. **श्री हेमदास पारासर , ग्राम– कोकोड़ी**– इसमें मेडिकल वेस्ट जो इकट्ठा किया जायेगा। मैं विरोध कर रहा हूँ। आसपास के गांव वाले को परेशानी होगी। इस प्रोजेक्ट को निरस्त करें, क्योंकि यह जमीन पिताजी के समय से कब्जा है।

..............3

3. **श्री धालेन्द्र पारासर , ग्राम–कोकोड़ी**– इस जमीन को हमारे पिता दादा के द्वारा कब्जा करके रखा गया था। उस जमीन को हम लोग नहीं देना चाहते हैं। गांव का अहित ना हो, कलेक्टर महोदय से निवेदन है कि मेरे निवेदन पर ध्यान दिया जाये। हमारा कब्जा लगभग 70 साल से है। हमारे पास इसके अलावा दूसरी जमीन नहीं है। उक्त जमीन में मक्का, उड़द आदि हम लोंगों द्वारा उगाया जाता है।

लोक सुनवाई के दौरान जन सामान्य द्वारा आपत्ति/सुझाव /विचार दर्ज कराया गया, जो कि संलग्न है। लोक सुनवाई में जन सामान्य की उपस्थिति लगभग 50 रही एवं उपस्थिति पत्रक मे 41 लोगों ने हस्ताक्षर किया। उपस्थित जन समुदाय द्वारा क्षेत्र का विकास किये जाने, शिक्षा, स्थानीयों को रोजगार, वृक्षारोपण आदि की शर्त के साथ परियोजना हेतु पर्यावरणीय लोकसुनवाई सम्पन्न किया गया।

27/6/19
क्षेत्रीय अधिकारी
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल
जगदलपुर (छ.ग.)

27/6/2019
सदस्य सचिव
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल
अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

कलेक्टर
जिला–कोण्डागांव
कलेक्टर
जिला कोण्डागांव